No. of Printed Pages : 8

**ECO-11**

00969

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## June, 2011

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE

## ECO-11 : ELEMENTS OF INCOME TAX

*Time : 2 hours* *Maximum Marks : 50*

---

***Note :*** *Question No.* ***1*** *is* ***Compulsory*** *and attempt* ***any three*** *from remaining questions.*

---

**1.** Girish, an employee of a frim, furnished the following particulars for the year ended $31^{st}$ march, 2010 : **14**

| | Rs. |
|---|---|
| Basic Salary | 1,44,000 |
| Dearness Allowance | 28,800 |
| Bonus | 12,000 |
| Own contribution to recognised provident fund | 20,160 |
| Employees contribution to the provident fund | 20,160 |
| Interest on prov. fund (not exceeding the prescribed rate) | 14,000 |

He was provided with a rent free accommodation at Kolkata for which the employer paid a rent of Rs.1,250 per month. He was allowed the use of one refrigerator and an air conditioner costing Rs. 8,000 and Rs. 12,000 respectively. Life Insurance premium of Rs. 12,000 was paid by the employer on Girish's insurance policy for Rs. 2,40,000. compute taxable income from Salary for Girish for the assessment year 2010 - 2011.

2. Define annual value and state the deductions allowed from annual value in computing the taxable income from house property. **4+8**

3. (a) Explain the provision of the Income Tax Act, 1961 regarding interest on tax-free commercial securities **6+6**

(b) Mr. B purchased a house in Delhi in 1980 for Rs. 1,00,000. He added two rooms and a Verandah in the house at a cost of Rs. 30,000 in 1980 and two bath rooms at a cost of Rs. 50,000 in May 1994. He sold the house on 1st July, 2009 for Rs. 15,00,000.

Ascertains the capital gain/loss if the fair market value of the house on 1st April, 1981 was Rs. 2,00,000. The cost of inflation index in 1981-82, 1994-95 and 2009-10 was 100,259 and 632 respectively.

4. (a) Explain the provisions of Income Tax Act, 1961 regarding exemption of income of political parties. **6+6**

(b) Mr. Ramesh is a person with severe disability. He had the following incomes and payments during the year 2009-10 to :

| | Rs. |
|---|---|
| Salary Income (taxable amount) | 1,80,000 |
| Income from House Property (taxable amount) | 40,000 |
| Interest Income | 4,000 |
| Dividends from domestic company | 2,000 |
| Dividends from a coop. society | 3,000 |
| His cont. to Recog. P.F. | 10,000 |
| He paid medical insurance premia during the prev. Yr. as under : | |
| (i) on the health of his mother | 6,000 |
| (ii) on the healths of his mother-in-law (who is dependent on him) | 3,000 |

and compute his total income.

5. (a) State the incomes which are treated as deemed to arise or accrue in India. **6+6**

(b) Explain the rules regarding deduction from gross total income in respect of Royalty income on books and patents.

6. Write short notes on *any two* of the following : **6+6**

(a) Profits in lieu of Salary.

(b) Previous year.

(c) Consequences of delay in filing of income tax returns.

(d) Set off of losses.

7. Define the following terms. **4, 4, 4**

(a) Person

(b) Assessee

(c) Permanent Account Number (PAN)

**ई.सी.ओ.-11**

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2011

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-11 : आयकर के मूल तत्त्व

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

***नोट :*** *प्रश्न न. 1 अनिवार्य है। बाकि के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

1. गिरीश, जो एक फर्म में कर्मचारी है, ने 31 मार्च 2010 को समाप्त होने वाले वर्ष की आय का निम्न विवरण प्रस्तुत किया : **14**

| | रू |
|---|---|
| मूल वेतन | 1,44,000 |
| महंगाई भत्ता | 28,800 |
| बोनस | 12,000 |
| प्रमाणित प्राविडेंट फंड में स्वयं का अंशदान | 20,160 |
| उपरोक्त फंड में नियोक्ता का अंशदान | 20,160 |
| प्रमाणित प्राविडेंट फंड के शेष पर ब्याज (निर्धारित दर से अधिक नहीं है) | 14,000 |

उसे कोलकाता में एक किराया मुक्त रिहायशी मकान भी मिला हुआ है जिसके लिए नियोक्ता ने 1,250 रु. प्रति मास किराया दिया। उसे एक रेफ्रिजरेटर तथा एक वातानुकूलित यंत्र भी उपयोग के लिए दिया हुआ है जिनकी लागत क्रमशः 8,000 रु. तथा 12,000 रु. थी। गिरीश के जीवन पर 2,40,000 रु. की एक पॉलिसी पर उस के नियोक्ता ने 12000 रू जीवन बीमा प्रीमियम दिया कर-निर्धारण वर्ष 2010 - 2011 के लिए गिरिश की वेतन से कर योग्य आय की गणना कीजिए।

2. वार्षिक मूल्य को परिभाषित कीजिए तथा मकान संपत्ति से आय निर्धारित करने के लिए वार्षिक मूल्य में से की जाने वाली कटौतियों का उल्लेख कीजिए। **4+8**

3. (a) करमुक्त व्यापारिक प्रतिभूतियों पर ब्याज से संबंधित आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों की व्याख्या कीजिए। **6+6**

   (b) मिस्टर B ने 1980 में दिल्ली में एक मकान 1,00,000 रु. में खरीदा। उसने 1980 में इस मकान में दो कमरे तथा एक बरामदा 30,000 रु. की लागत और मई 1994 में दो गुसलकाने 50,000 रु. की लागत पर बनवाए। उस ने 1 जुलाई, 2009 को यह मकान 15,00,000 रु. में बेच दिया। यदि 1 अप्रैल, 1981

को इस मकान का उचित बाजार मूल्य 2,00,000 रु. था तो B को हुए पूँजीगत लाभ/हानि ज्ञात कीजिए। 1981-82, 1994-95 तथा 2009-10 में लागत स्फीति सूचकांक क्रमशः 100, 259 तथा 632 था।

4. (a) राजनीतिक दलों की आय की करछूट के संबंध में आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों की व्याख्या कीजिए। **6+6**

(b) श्रीमान रमेश गम्भीर निःशक्तता ग्रस्त है। 2009-10 की उस की आय एवं भुगतान निम्नलिखित है :

| | रू |
|---|---|
| वेतन से आय (कर–योग्य राशि) | 1,80,000 |
| मकान संपत्ति से आय करयोग्य राशि | 40,000 |
| ब्याज से आय | 4,000 |
| घरेलू कंपनी से लाभांश | 2,000 |
| सहकारी समिति से लाभांश | 3,000 |
| प्रमाणित प्राविडेंट फंड में अंशदान | 10,000 |

उसने गत वर्ष में चिकित्सा बीमा प्रीमियम के संबंध में निम्नलिखित भुगतान किए :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | अपनी माता के स्वास्थ्य पर | 6,000 |
| (ii) | अपनी सास के स्वस्थ्य पर जो उस पर आश्रित है, | 3,000 |

उस की कुल आय की गणना कीजिए।

5. (a) भारत में अर्जित या हुई मानी जाने वाली (deemed to arise or accrue) आय का उल्लेख कीजिए। 6+6

(b) पुस्तकों एवं एकस्वों पर रॉयल्टी आय के सम्बंध में सकल कुल आय से मिलने वाली कटौती संबंधी नियमों की व्याख्या कीजिए।

6. निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए : 6+6

(a) वेतन के बदले लाभ

(b) गत वर्ष

(c) आयकर विवरणी दाखिल करने में देरी के परिणाम

(d) हानियों की पूर्ति (Set off)

7. निम्नलिखित मुदों को परिभाषित कीजिए। 4, 4, 4

(a) व्यक्ति

(b) निर्धारिती (कर दाता)

(c) स्थायी करदाता संख्या (PAN)

---